




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 17 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 172 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# पाक की काबुल पर बमबाजी

## 400 से ज्यादा लोगों की मौत, 250 से अधिक घायल



● कई रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया

● अस्पताल के मरीज भी आए ज़द में

**काबुल।** पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया।

### पाकिस्तानी हमले की भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान की ओर से अफगानिस्तान के काबुल के ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर किए गए क्रूर हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि इस अपराध के दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाए। इसके साथ ही भारत ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जाहिर की है और अफगानिस्तान के लोगों के साथ एकजुटता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जारी बयान में कहा कि भारत पाकिस्तान के इस क्रूर हवाई हमले की पूरी तरह निंदा करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस हमले को किसी भी तरह से सैन्य लक्ष्य नहीं माना जा सकता। अस्पताल में मरीजों का इलाज चल रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने इसे निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की जान ली है। पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देकर छिपाने की कोशिश कर रहा है। भारत ने इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला बताया है। यह क्षेत्रीय

### क्रॉस वोटिंग पर ओडिशा कांग्रेस के 3 विधायक सस्पेंड, एक नेता निकाल बाहर

**भुवनेश्वर।** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कांग्रेस के तीन विधायकों को महंगी पड़ गई। पार्टी ने कड़ा कदम उठाते हुए विधायक सोफिया फिरदौस, रमेश जेना और दाशरथी गमांग को निलंबित कर दिया है। वहीं कटक नगर सभा की सभानेत्री गिरिबाला बेहरा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविंद दास ने बताया कि तीनों विधायकों पर पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि इन तीनों को स्थायी रूप से निष्कासित करने के लिए AI से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एपस्टीन फाइल : हरदीप पुरी की बेटी की याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया 24 घंटे में सभी कंटेंट हटाने का आदेश



**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को दोषी ठहराए गए अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्ना ने कई उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह की सामग्री को किसी भी तरह से प्रकाशित करने, प्रसारित करने या फैलाने से भी रोक दिया। हिमायनी पुरी द्वारा दायर मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता पोस्ट नहीं हटाते हैं, तो प्लेटफॉर्म ऐसी सामग्री को हटा देंगे या उस तक पहुंच को अवरुद्ध कर देंगे। अदालत ने पाया कि हिमायनी पुरी के पक्ष में प्रथम दृष्टया मामला बनता है और यदि अंतरिम राहत नहीं दी गई तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी। इसलिए, अगली सुनवाई की तारीख तक, निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं,' अदालत ने कहा और मामले की अगली सुनवाई अगस्त में सूचीबद्ध की।


### मोदी से सपरिवार मिले वरूण गांधी, बीजेपी में वापसी के संकेत!



**नई दिल्ली।** लोकसभा टिकट कटने और बीजेपी से बढ़ती दूरियों के बीच वरुण गांधी ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस मुलाकात को वरुण के राजनीतिक 'वनवास' के खत्म होने और पार्टी में उनकी संभावित वापसी की अटकलों से जोड़कर देखा जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद, नेहरू-गांधी परिवार के वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने परिवार की एक तस्वीर साझा की है। वरुण गांधी, जो कभी प्रधानमंत्री के करीबी थे, भाजपा की नीतियों, विशेष रूप से किसानों के प्रति उनकी नीतियों की आलोचना के कारण प्रधानमंत्री की नजरों से दूर हो गए थे। ऐसा लगता है कि वे अपने राजनीतिक भविष्य को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस में शामिल होने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गई हैं और यह राजनीतिक दृष्टि से भी अनुचित है। प्रधानमंत्री से उनकी निकटता ने कई लोगों को प्रभावित किया।

# लोकसभा में निलंबित सांसद बहाल

● स्पीकर ओम बिरला ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ कहा-प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें




**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू की तरफ से प्रस्ताव रखे जाने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा सांसदों की तरफ से मतदान कराया। निलंबन रद्द किए जाने की सहमति बनने पर उन्होंने आठों सांसदों का नाम लेकर कहा कि सभी सांसदों का निलंबन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा रहा है। अब ये सभी सांसद संसद के बजट सत्र में हिस्सा ले सकेंगे। इस फैसले के दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर तख्तियां, बैनर और एआई जनित तस्वीरों के इस्तेमाल की सख्त मनाही है। सभी सांसदों को इसका ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से कहा,'प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।'

## भाजपा नेता की दिनदहाड़े हत्या से सनसनी

● सियासी अदावत में चाकू से किया 50 से ज्यादा प्रहार!



**गोरखपुर।** गोरखपुर के चिलुआताल थाना इलाके के बरगदवा में मंगलवार की सुबह एक भाजपा नेता की निर्मम हत्या ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, राजकुमार चौहान मंगलवार की सुबह बरगदवा क्षेत्र में अपनी नियमित मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान घात लगाए हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने राजकुमार चौहान पर चाकू से हमला किया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि 50 से 60 वार करके चाकू से गोद डाला। राजकुमार चौहान भाजपा के सक्रिय सदस्य थे। उनकी हत्या के पीछे राजनीतिक रंजिश की आशंका भी जताई जा रही है। लेकिन चाकू से किए गए पचासों वार के मद्देनजर पुलिस घटना के और भी कई पहलुओं को टटोल रही है।

### पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़ दो अपराधी मारे गए, एक जवान भी शहीद

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण )।** चकिया थाना क्षेत्र के सिहोरवा में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश मारे गए, जबकि एक पुलिस जवान बलिदान हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने कार्बाइन समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। सूचना मिली थी कि कुंदन ठाकुर अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हथियारों के साथ अपने एक दोस्त के घर में छिपा हुआ है। इस दौरान पुलिस की छापेमारी के दौरान पक्षों के बीच मुठभेड़ हो गई। मृतक बदमाश की पहचान कुंदन ठाकुर पिता फूलदेन ठाकुर, ग्राम बुल्लाचौक, थाना चकिया और प्रियांशु दुबे पिता संजय दुबे, ग्राम बसंतपुर, थाना साहेबगंज, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। वहीं बलिदान एसटीएफ जवान की पहचान राम यादव के रूप में हुई है। घटना बीती रात 2:30 बजे की बताई जा रही है।

### बरेली में सास-साले की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**बरेली।** बरेली में अपनी सास और साले की हत्या करने वाले आरोपी अफसर खां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सोमवार को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस की तीन टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को सुबह करीब छह बजे इज्जतनगर इलाके में पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की। इस पर आरोपी अफसर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लगी,उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी से एक पिस्टल और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ है। मुठभेड़ स्थल पर दस खोखे बरामद हुए हैं, जिससे स्पष्ट है कि आरोपी ने पुलिस टीम पर भारी फायरिंग की है। मुठभेड़ में दो सिपाही भी घायल हुए हैं।

### बस और ट्रेलर की भिड़ंत, पांच लोगों की मौत; 12 से ज्यादा घायल

**नई दिल्ली।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बस और ट्रेलर ट्रक की जोरदार टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई और पूरा इलाका अफरा-तफरी से भर गया। बस श्रीगंगानगर के रावतसर से जयपुर जा रही थी। रास्ते में दो ट्रेलर ट्रक सरसों के बीज से लदे सड़क पर खड़े थे। बस चालक ने इन्हें ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी सामने से आ रहे एक दूसरे ट्रेलर ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

## इराक के तेल ठिकानों पर ईरान का हमला

● पश्चिम एशिया में जंग का 18वां दिन, लड़ाई जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया का तनाव बढ़ता जा रहा है और अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान संघर्ष ने नई भयावह रफ्तार पकड़ ली है। मिसाइल और ड्रोन हमले लगातार जारी हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाज भी हमलों की चपेट में हैं। यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है, जबकि क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर भी इसका असर दिखने लगा है। ईरान और अमेरिका-इस्राइल की जंग में यूएई को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को अबु धाबी के बानी यास इलाके में एक मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अबु धाबी के मीडिया ने बताया कि बैलेस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया गया था, लेकिन उसके मलबे की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह बंदरगाह के नजदीक एक टैंकर पर हमला हुआ है। इस हमले के कारण फुजैराह ऑयल इंडस्ट्री जोन में आग लग गई। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान की तरफ से हो रहे हमलों के चलते ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था, लेकिन बाद में इसे खोल दिया गया। मंगलवार को इस्राइल ने लेबनान में हवाई हमले किए। इन हमलों में एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा है।

### यूपी-बिहार से लेकर दिल्ली तक बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली।** नए पश्चिम विक्षोभ के एक्टिव होने के बाद से उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम बदल गया है। देश के कई राज्यों में आंधी-पानी का दौर शुरु हो गया है। मौसम विभाग (IMD) ने उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब समेत कई राज्यों में बारिश के साथ आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। जिन राज्यों में आंधी-पानी की संभावना है, वहां- 30 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बारिश और तेज हवाओं के कारण तापमान घटेगा और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।




जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05

वाराणसी, 17 मार्च, मंगलवार, 2026 (3)









## बीएचयू के सर्जरी डिपार्टमेंट की महिला डॉक्टर के आत्महत्या के प्रयास का मामला

# जूनियर डाक्टरों ने दिया अल्टीमेटम

## घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं तो बेमियादी हड़ताल



**वाराणसी।** वाराणसी में बीएचयू के सर्जरी डिपार्टमेंट की जूनियर डॉक्टर द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

**● इमरजेंसी को छोड़कर बाकी तमाम सेवाओं को स्थगित कर दिया जायेगा**

जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को भी अस्पताल के डायरेक्टर का घेराव किया। अपनी मांगें उनके समक्ष रखी। डायरेक्ट्र ने उनकी मांगें पूरी करने की बात कही लेकिन जूनियर डॉक्टरों ने कहा, उन्हें यह आश्वासन मौखिक नहीं बल्कि लिखित में आदेश चाहिए। हालांकि जूनियर डॉक्टरों और डायरेक्ट्र के बीच हुई वार्ता असफल रही। जूनियर डॉक्ट्र एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अंबुज ने बताया कि यदि उनकी मांगों पर 24 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई की प्रक्रिया नहीं की जाती है, तो हम बीएचयू के रेजिडेंट डॉक्टर, अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा करेंगे तथा इमरजेंसी आईसीयू जैसी सेवाओं को छोड़कर अस्पताल की अन्य सेवाएं तत्काल प्रभाव से स्थगित कर देंगे। जूनियर डॉक्टर को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के लिए जो भी जिम्म-ेदार हैं उसे तत्काल निलंबित या निष्कासित किया जाए। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जनरल सर्जरी विभाग के संबंधित प्राधिकरण को जवाबदेह ठहराया जाए और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जांच के लिए जो कमेटी गठित की गई है उसमें रेजिडेंट्स डॉक्टर को भी शामिल किया जाए। जांच की प्रगति की नियमित जानकारी रेजिडेंट्स को दी जाए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए मानवीय एवं निश्चित कार्य घंटों को लागू किया जाए जो राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सिफारिशों के अनुरूप हो। प्रथम वर्ष के जूनियर रेजिडेंट्स के साथ होने वाली कार्यस्थल पर विषाक्तता और रैगिंग को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। घटना शुक्रवार की है। IMS BHU के सर्जरी विभाग की जूनियर डॉक्टर ने 100 यूनिट इंसुलिन इंजेक्शन की अधिक डोज ले ली थी इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। घटना के पीछे कुछ डॉक्टर्स व सीनियरों द्वारा उत्पीड़न किया जाना भी बताया गया है। हालांकि निदेशक प्रो. एसएन संखवार ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है। वहीं, जूनियर डॉक्टर लगातार इस घटना के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

## खबरदार! नवरात्र में नॉनवेज की दुकानें खुली तो खैर नहीं



**● समीक्षा बैठक में महापौर का सख्त निर्देश**

**● ताकि नगर में धार्मिक माहौल बना रहे**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नवरात्र के पावन अवसर पर नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाली सभी मीट, मुर्गा और मछली की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को सिगरा स्थित वाराणसी स्मार्ट सिटी के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आगामी चैत्र नवरात्र के पावन पर्व की गरिमा और श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए इसका कड़ाई से अनुपालन कराने का निर्णय लिया गया ताकि शहर में धार्मिक वातावरण बना रहे। इस दौरान महापौर ने नवरात्र पर्व से पहले सभी प्रमुख देवी मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गों का तत्काल निरीक्षण करतत्काल पैच वर्क कराने, गड्ढों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया । साथ ही स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के किनारे नियमित चूने के छिड़काव का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान जलकल विभाग को कड़ी चेतावनी दी गई कि पर्व के समय शहर में कहीं भी सीवर ओवरफ्लो की समस्या नहीं दिखनी चाहिए और पेयजल की निर्बाध आपूर्ति हर हाल में दुरुस्त रखी जाए।

## महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के नेतृत्व के एक साल पूरा होने पर मनाया उत्सव



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय, गुलाब बाग पर सोमवार को महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के सफल कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और महानगर अध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट कर उनके नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर उपाध्याय, मनोज भारद्वाज, विनोद गुप्ता, पंकज चतुर्वेदी, राजेंद्र सिंह पटेल, अखिलेंद्र सिंह सनी, रंणजय सिंह, अजय गुप्ता ,वैभव उपाध्याय, मधुकर चित्रांश, अनिल तिवारी, दीपक राय, जेपी सिंह, सत्यनारायण साहनी, अवनीश पाण्डेय, प्रमोद यादव मुन्ना, ओम श्रीवास्तव, प्रमील पाण्डेय आदि रहे।

## हाईवे पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के चलते लगा घंटों का जाम

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोहनिया-मोहनसराय हाईवे स्थित चौराहे पर राहगीरों को पैदल चौराहा पार करने के लिए बनाये जा रहे फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के दौरान क्रेन द्वारा सेटिंग करने की वजह से आज मंगलवार की भोर से लेकर 7 बजे सुबह तक दो घंटा हाईवे पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा। जिससे हाईवे तथा सर्विस रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी जिसके दौरान राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## गवरजा माता उत्सव समिति की शोभायात्रा निकलेगी 21 को



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गवरजा माता उत्सव समिति, वाराणसी द्वारा वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंगलवार 17 मार्च को महमूरगंज स्थित शुभम् लॉन में सायंकाल 4 बजे से रंगारंग सिंधारा कार्यक्रम एवं शनिवार 21 मार्च को शोभायात्रा का आयोजन किया गया। माहेश्वरी भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष कमल अग्रवाल एवं मंत्री राम बूबना ने बताया कि 21 मार्च शनिवार को अपराह्न 3 बजे गोलघर स्थित काशी गौशाला से एक शोभायात्रा प्रारम्भ होगी जो चौक, गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए सायं 5 बजे लक्ष्मीकुण्ड स्थित श्याम मन्दिर पहुँचेगी, जहाँ माँ गणगौर का पूजन समाज की महिलाओं एवं कन्याओं द्वारा किया जायेगा तथा अपने-अपने घरों में पूजी गई गणगौर का लक्ष्मीकुण्ड तालाब में विसर्जन किया जायेगा। पत्रकारवार्ता में गौरीशंकर नेवर, पवन मोदी, पवन कुमार अग्रवाल, लोकेन्द्र करवा, शंकरलाल सोमानी, दीपक माहेश्वरी, गौरव राठी, कमलेश अग्रवाल, रामजी लाल महेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' के लिए प्रशिक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारत की जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत यूपी कॉलेज के सभागार में सोमवार को प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कि आगामी 18 मार्च तक चलेगा। वहीं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम 19, 20 से 23 मार्च तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना कार्य से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, परिभाषाएं, हाउस लिस्टिंग, लेआउट मैप तथा आंकड़ा संकलन की विधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इससे पूर्व 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक आम नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

## जलाने वाली लकड़ी की नीलामी के लिए बैठक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वर्तमान में मध्य पूर्वी खाड़ी देशों मे युद्व की स्थिति के दृष्टिगत प्रेट्रोलियम उत्पादों के संयमित उपयोग व उसके वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों के विकास व आम जन मानस तक उसकी पहुॅच बनाने के उदेश्य से वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा मण्डल में उपलब्ध जलौनी लकड़ी की उपलब्धता के विषय में एक मण्डलीय बैठक डा0 रवि कुमार सिंह, वन संरक्षक, वाराणसी वृत्त वाराणसी की अध्यक्षता मे वृत्त कार्यालय मे सोमवार को हाईब्रिड मोड से आयोजित की गयी। उक्त बैठक में तौफीक अहमद, प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक द्वारा के जोन स्थित सात प्रकाष्ठ डिपो में उपलब्ध जलौनी लकड़ी के प्रकाष्ठ के उपयोग के विषय में अवगत कराया गया कि समस्त डिपो में आज सोंमवार की स्थिति पर कुल-1407.2391 घनमीटर जलौनी लकड़ी उपलब्ध है। बैठक में अवगत कराया कि 866 प्रति घनमीटर की दर पर से जन समान्य द्वारा उक्त डिपो में सामान्य नीलामी द्वारा खरीदी जा सकती है।

## वैदिक विज्ञान केन्द्र केवल डिग्री बांटने के लिए नहीं होना चाहिए



**● 'वैदिक विज्ञान के विविध स्वरूप' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वैदिक विज्ञानकेंद्र, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, द्वारा 16-18 मार्च को 'वैदिक विज्ञान के विविध स्वरूप' विषय पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र सोमवार को प्रातः 10:30 बजे से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी, का.हि.वि.वि. एवं अध्यक्ष प्रो. राजाराम शुक्ला, संकाय प्रमुख, सं.वि.ध.वि. संकाय रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि वैदिक विज्ञान केन्द्र केवल एक डिग्री देने वाला केन्द्र बनकर न रह जाये, बल्कि वेद विज्ञान के प्रसार में आगे बढ़े और वेद से संबंधित नये-नये शोध करें। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत व भाषण के साथ विषय प्रवर्तन (कार्यक्रम की रूपरेखा) प्रो0 विनय कुमार पाण्डेय, समन्वयक, वैदिक विज्ञान केन्द्र, का.हि.वि.वि. ने किया और कहा कि किस तरह से भारतीय ज्ञान परम्परा की शुरुआत विश्व पटल पर नजर आती है। इसका उदाहरण जब अरब ने गणित को भारत से लिया। आज भी आधुनिक विज्ञान में बहुत से ऐसे रहस्य है, जिसमें शोध की आवश्यकता है, जहां पर हमारा वैदिक विज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ मिलकर एक नई दिशा प्रदान कर सकती है। कुलपति ने अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि वैदिक विज्ञान के शोध के क्षेत्र में वैदिक विज्ञान केन्द्र की पहचान सम्पूर्ण विश्व में हो। ऐसी योजना अगले पाँच वर्ष के लिए बनानी चाहिये, जिससे कि पूरा विश्व अगले पाँच वर्ष में वैदिक विज्ञान केन्द्र की ओर आशाभरी नजरों से देखें। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्यवक्ता के रूप में प्रो. मुरली मनोहर पाठक, कुलपति, लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ महामना मालवीयजी की प्रतिमा पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।






## तीन दिवसीय तीर्थंकर नेमिनाथ पुराणकथा का समापन, 1008 कलशों से अभिषेक

**● शोभायात्रा के बाद कथा का शुभारंभ**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ पुराण कथा का आयोजन 13 मार्च से 15 मार्च तक प्रतिदिन 8.30 से 10.30 तक किया गया। प्रथम दिवस पर शास्त्र के साथ शोभायात्रा के बाद कथा का प्रारंभ हुआ। कथावाचक ब्र. राकेशजी, आगरा द्वारा भगवान के गर्भ कल्याणक का वर्णन नाटक के पात्रों द्वारा कराया गया। इसमें माता द्वारा देखे गए 16 स्वप्नों को दिखाया एवं वाचन किया तथा भगवान के पिता द्वारा स्वप्न फल को बताया गया। द्वितीय दिवस को भगवान का जन्म कल्याणक कुबेर द्वारा रत्न वर्षा, सौधर्म इंद्र इंद्राणी द्वारा भगवान को सुमेरु पर्वत पर ले जाकर भक्ति पूर्वक क्षीर सागर के जल से 1008 कलशों द्वारा अभिषेक किया गया। सौधर्म इंद्र द्वारा बालक भगवान को सुमेरू पर्वत से वापस लाकर माता को सौंपा एवं भक्ति पूर्वक तांडव नृत्य किया। भगवान के बाल स्वरूप को पालने में भी सम्पूर्ण समाज द्वारा झुलाया गया। तीसरे दिन रविवार 15 मार्च को भगवान के विवाह की तैयारी, बारात निकालना, भगवान का बारत के बीच से रथ को मोड़कर गिरनार पर्वत पर जाकर समस्त वस्त्र एवं आभूषण त्याग कर दीक्षा लेना केवल ज्ञान प्राप्त होने पर इंद्रों द्वारा समवशरण की रचना की गई तथा भगवान द्वारा उपदेश देकर सर्व जनता को शांति का मार्ग बताया।

## मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज का इंस्टाग्राम एकाउंट सस्पेंड

**वाराणसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह की मंगेतर और मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज का इंस्टाग्राम अकाउंट का फैन पेज अचानक सस्पेंड कर दिया गया है। इस घटना के बाद प्रिया सरोज ने इंस्टाग्राम सपोर्ट टीम से मदद मांगने का प्रयास किया है, लेकिन उनका एकाउंट दुरुस्त नहीं हो सका है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म की टीम से सहायता की गुहार लगाई है।


जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## जौनपुर समाचार

### जलपान गृह पर छापा, 53 अवैध गैस सिलिंडर बरामद



**धर्मापुर ( जौनपुर )।** अवैध गैस सिलिंडरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। थाना क्षेत्र के केशवपुर रेलवे फाटक स्थित केशव प्रसाद मौर्य जलपान गृह पर छापा मारा। जहां से 53 अवैध सिलिंडर बरामद किया। इनमें 16 भरे और 37 खाली गैस सिलिंडर शामिल रहे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) योगेंद्र यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जय प्रकाश पांडेय, सप्लाई इंस्पेक्टर धर्मापुर अर्चना सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी, सप्लाई इंस्पेक्टर योगेंद्र यादव की संयुक्त टीम ने गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस के साथ सोमवार को सुबह 9 बजे गोपालापुर गांव स्थित केशवपुर रेलवे फाटक के पास केशव प्रसाद मौर्य जलपान गृह पर छापा मारा। दुकान के पीछे और रेलवे लाइन से महज 10 मीटर की दूरी पर अवैध गैस सिलिंडरों का बड़ा भंडारण मिला।

टीम ने मौके से 16 भरे हुए और 37 खाली गैस सिलिंडर, कुल 53 गैस सिलेंडर बरामद किया। दो घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान सिलिंडरों का जखीरा बरामद हुआ। जलपान गृह संचालक गैस सिलिंडरों से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। रेलवे पटरी के इतने करीब सिलिंडरों का भंडारण होने से सुरक्षा व्यवस्था में भी भारी लापरवाही सामने आई है। लगभग दो घंटे तक चली इस कार्रवाई से आसपास के दुकानदारों में भी खलबली मची रही। सप्लाई इंस्पेक्टर धर्मापुर अर्चना सिंह ने बताया कि सभी अवैध सिलेंडरों को कब्जे में ले लिया गया है और दुकानदार के विरुद्ध थाने पर तहरीर देते हुए विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सुल्तानपुर समाचार

### एक नगर पालिका और 5 नगर पंचायत में चुने गए

**सुल्तानपुर।** जिले में एक नगर पालिका और चार नगर पंचायतों में सभासद मनोनीत किए गए हैं। भाजपा सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों से इन सभासदों का मनोनयन किया गया है।

नगर पालिका सुल्तानपुर में पांच सभासद नामित हुए हैं। इनमें रणजीत सिंह, प्रदीप जायसवाल, रवि अग्रहरि, रेनू सिंह और मदन सोनकर शामिल हैं। मनोनयन में क्षत्रिय वर्ग से दो, वैश्य वर्ग से दो और अनुसूचित जाति (एससी) से एक सदस्य को शामिल किया गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संगठन रेहड़ी-पटरी संघ के अध्यक्ष को नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर में नामित सभासद बनाए जाने पर मजदूर संघ ने योगी आदित्यनाथ सरकार का आभार व्यक्त किया है।

कादीपुर नगर पंचायत में तीन सभासद मनोनीत किए गए हैं। इनमें सुनील रावत, सीमा मोदनवाल और प्रदीप अग्रहरि शामिल हैं।

## मीरजापुर समाचार

### मुख्यमंत्री अष्टभुजा गेस्ट हाउस में अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पूरे व्यवस्था का जायजा लिया



**मीरजापुर।** नवरात्र के दिनों में विंध्याचल, अष्टभुजा आदि स्थानों पर किये गये प्रशासनिक व्यवस्था की समिक्षा करने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विंध्याचलधाम पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री अष्टभुजा स्थित हेलीपैड पर उतरने के पश्चात मां विंध्यवासिनी धाम में पहुंचकर दर्शन पूजन किया इसके पश्चात उन्होंने विंध्याचल अष्टभुजा त्रिकोण की स्थिति का जायजा लिया तद्पश्चात मुख्यमंत्री अष्टभुजा गेस्ट हाउस में अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पूरे व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी के साथ गुफ्तगू भी की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विंध्याचल के नवरात्र में आने वाले दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की अगवानी सूबे के मंत्री आशीष पटेल, विधायक रत्नाकर मिश्रा, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, विनीत सिंह श्याम सुंदर केसरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने की।

## भदोही समाचार

### अजिमुल्लाह चौराहा ईदगाह में दो जमात में होगी ईद की नमाज

**भदोही।** ईद शुक्रवार को होगा या शनिवार को यह चांद दिखने पर निर्भर करेगा। मुस्लिम बंधु तैयारियों में जुट गए हैं। सोमवार को रुयते हेलाल कमेटी ने सोमवार को नगर में विभिन्न ईदगाहों में अदा की जाने वाली ईदउल फितर की नमाज़ का वक्त मुकर्रर कर दिया है।

जामा मस्जिद तकिया कल्लन शाह में दोपहर हुई कमेटी की बैठक सद्र हाजी हाफिज परवेज अच्छे ने समय की घोषणा की। ईदगाह अजिमुल्लाह चौराहे तथा मस्जिद रौजा गाजी मियां में दो जमात में नमाज होगी।

कमेटी की बैठक दो घंटे तक चली। इसमें आपसी विचार विमर्श के बाद सद्र हाफिज परवेज ने बताया कि अजीमुल्लाह चौराहा ईदगाह में पहली जमात सुबह 7 बजे होगी। जहां वे खुद नमाज पढ़ाते हैं। जबकी दूसरी जमात 7:45 बजे हाफिज रेहान पढ़ाएंगे।

## आजमगढ़ समाचार

### दवा लेकर लौट रहीं साइकिल सवार दो बहनों को कार ने मारी टक्कर, छोटी की मौत



**लालगंज/मेजवां।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक किशोरी समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोरी गंभीर रूप से घायल है। दोनों घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। देवगांव कोतवाल विमल प्रकाश राय ने बताया कि भीरा चौराहे पर आजमगढ़-वाराणसी नेशनल हाईवे पार करते समय साइकिल सवार दो सगी बहनों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सोफीपुर गांव निवासी संध्या (16) और खुशी (13) गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों बहनें रविवार दोपहर करीब 12 बजे लालगंज बाजार दवा लेने जा रही थीं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान खुशी की मौत हो गई, जबकि संध्या का इलाज पीजीआई आजमगढ़ में चल रहा है। परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया है। वहीं दूसरी घटना फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। भटपुरवा गांव निवासी 42 वर्षीय सुबास बिंद सोमवार रात ट्राई साइकिल से सरायमीर से फूलपुर की ओर जा रहे थे। लखनऊ-बलिया मार्ग पर जगदीशपुर गांव के पास मंटू प्रजापति की दुकान के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी ट्राई साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मऊ समाचार

### ग्राम प्रधान के भतीजे की तेज रफ्तार बस से कुचलकर मौत



**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के आजमगढ़ मार्ग पर रामनगर में मोड़ के पास सोमवार की शाम 4:30 बजे तेज रफ्तार डबल डेकर बस और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही अजय चौहान (24) बस के नीचे आ गए और कुचलने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के लामी गांव के प्रधान बसंत चौहान के भतीजे अजय चौहान सोमवार की दोपहर बाइक से आजमगढ़ जिले के लाटघाट बाजार में सामान खरीदने गए थे। वहां से लौटते समय रामपुर गांव के पास घुमावदार मोड़ के पास तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बस छपरा से राजस्थान जा रही थी। हादसे के बाद चालक सवारियों से भरा बस छोड़कर वहां से भाग गया।

यात्री दूसरे साधन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। सूचना पाकर दोहरीघाट थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। अजय के पास मिले मोबाइल से उनकी पहचान हो पाई। उन्हीं की मोबाइल से फोन करके घर सूचना दिया गया।

प्रधान बसंत लाल ने बताया कि अजय के पिता गुजरात में रहकर नौकरी करते हैं। दो भाईयों में छोटे थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बस चालक भाग गया था। बस सीज करके थाने में खड़ा कर दिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गाजीपुर समाचार

### इलाज के दौरान मजदूर की मौत, ट्रेलर चालक पर प्राथमिकी

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना में नोनहरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी हरिकेश यादव ने अपने मजदूर की मौत के बाद ट्रेलर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि हरिकेश यादव ने तहरीर देकर बताया कि उन्हें थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर लगे पौधों की सिंचाई का ठेका मिला हुआ है। बीते 13 मार्च को नैसारे गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर ट्रैक्टर से जुड़े टैंकर के माध्यम से पौधों की सिंचाई की जा रही थी। इसी दौरान गाजीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक कासिमाबाद थाना क्षेत्र के मखदूमपुर निवासी धीरेंद्र यादव और पीछे लगे टैंकर से पौधों में पानी दे रहे नोनहरा थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी मजदूर जनार्दन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

## चंदौली समाचार

### आरपीएफ डीडीयू ने 6 नाबालिगों को बचायाःमानव तस्कर गुजरात ले जा रहा था



**मुगलसराय।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 'बचपन बचाओ आंदोलन' की टीम के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में छह नाबालिग बच्चों को मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया है। यह कार्रवाई सोमवार रात 12 बजे डीडीयू जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या सात पर की गई। तस्कर को भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22948 UP) के पीछे के जनरल कोच से पकड़ा गया। आरपीएफ ने दिनेश मंडल नामक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो झारखंड के गोड्डा जिले का निवासी है। काउंसलिंग के दौरान, सभी नाबालिग बच्चों ने भी खुद को गोड्डा, झारखंड का रहने वाला बताया। तस्कर इन बच्चों और उनके माता-पिता को पैसों का लालच देकर गोड्डा से भागलपुर लाया था। तस्कर इन बच्चों को भागलपुर से वडोदरा (गुजरात) ले जा रहा था। बच्चों को बताया गया था कि उन्हें वडोदरा में एक सोलर प्लांट में प्रतिदिन 12 घंटे काम करने के बदले प्रति माह 18,000 रुपये मिलेंगे। तस्कर ने गोड्डा से भागलपुर तक का खर्च उठाया था और भागलपुर से वडोदरा तक के लिए जनरल टिकट लिया था। यह मामला बाल तस्करी से संबंधित पाए जाने पर BNSS की धारा 105 का पालन करते हुए वीडियोग्राफी कराई गई। तस्कर को उसके अपराध से अवगत कराते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। सभी नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क/ डीडीयू को सौंप दिया गया है, जबकि तस्कर को अग्रिम कार्रवाई के लिए मुगलसराय कोतवाली को सुपुर्द किया गया है। मुगलसराय कोतवाली इस मामले में आगे की जांच कर रही है। यह अभियान डीडीयू मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के निर्देश पर चलाया गया। इसमें आरपीएफ पोस्ट डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, उप निरीक्षक शीतला प्रसाद, अमरजीत दास, सहायक उप निरीक्षक राकेश सिंह, आरक्षी विनोद कुमार भारती, एस.के. त्रिपाठी और बचपन बचाओ आंदोलन की सहायक परियोजना अधिकारी चंदा गुप्ता शामिल थीं।

## बलिया समाचार

### छुट्टी के बाद भी गैस सिलिंडर लेने के लिए गोदाम पर पहुंचे

**बलिया।** किल्लत, नियम -कानून के बीच रसोई गैस के लिए लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सोमवार को एजेंसियां बंद रही, इसके बावजूद लोग सिलिंडर लेकर एजेंसी और गोदाम पर पहुंचे। हालांकि लौटना पड़ा। केवाईसी के लिए गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ जुट रही है। देवकली निवासी गोबर्धन राय ने बताया कि पहले से कनेक्शन था लेकिन ऐसे ही सिलिंडर उपलब्ध होने के कारण उसकी जरूरत ही नहीं पड़ी। रामपुर निवासी खेदन कुमार ने बताया कि कनेक्शन तो पहले ही लिया था। अब पासबुक खोजने में लगा हूं। उसके मिलने पर बुक कराया जाएगा। एजेंसियों पर यह कहते हुए सुना जा रहा है कि मेरे नंबर से बुकिंग नहीं हो रही है। मेरे नंबर पर ओटीपी नहीं आ रहा है। मेरा कनेक्शन नंबर नहीं मिल रहा है। इस तरह की शिकायतें अधिक मिलने लगी है।

## सोनभद्र समाचार

### इण्डियन आयल के सीएसआर फण्ड से दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण



**सोनभद्र।** इण्डियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआर) के सहयोग से डायट परिसर उरमौरा में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके जीवन को सुगम बनाना है, कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, विधायक जी अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों के कार्यों को देखकर आत्मीय प्रेम और प्रेरणा की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि समाज में कई ऐसे दिव्यांगजन हैं जो बचपन से मानसिक या शारीरिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं और बोल भी नहीं पाते, लेकिन ईश्वर ने उन्हें अद्भुत समझ और संवेदना की शक्ति प्रदान की है। यदि हम उनके पास जाकर उनसे संवाद करने का प्रयास करें तो वे हमारी भावनाओं को तुरंत समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग प्रदान किया जाए। इण्डियन आयल द्वारा सीएसआर फण्ड के माध्यम से किया गया यह प्रयास सराहनीय है, जिससे दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में सहूलियत मिलेगी और आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

## देवरिया समाचार

### नई व्यवस्था से बढ़ी परेशानी, 5 दिन का बैकलॉग, मजबूरी में महंगे दाम पर खरीद रहे

**देवरिया।** जिले में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। गैस की कमी के बीच जिला प्रशासन द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

नई व्यवस्था के तहत, उपभोक्ताओं को पहले ऑनलाइन बुकिंग करनी होती है। इसके बाद उन्हें गैस लेने के लिए एजेंसी पर जाकर परची कटवानी पड़ती है, जिसके बाद ही गैस उपलब्ध कराई जाती है। पहले ऑनलाइन बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को घर पर होम डिलीवरी की सुविधा मिलती थी। जिले में रसोई गैस की आपूर्ति इन दिनों बुरी तरह प्रभावित हो गई है। गैस की कमी के चलते आम उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## गोरखपुर समाचार

### निलंबित बीएसए और लिपिक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी





**गोरखपुर।** शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या के मामले में न्यायालय ने देवरिया की निलंबित बीएसए शालिनी श्रीवास्तव और लिपिक संजीव सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने यह आदेश सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह की अर्जी पर दिया है। गुलरिहा थाने में दर्ज मामले में भ्रष्टाचार की धाराओं को जोड़ने के बाद सीओ ने अदालत में अर्जी दी कि दोनों आरोपी पुलिस को चकमा दे रहे हैं। उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देने के बावजूद गिरफ्तारी संभव नहीं हो रही है। न्यायालय ने सीओ की अर्जी पर सुनवाई के बाद वारंट जारी किया, जिसके तहत अब पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए किसी भी स्थान पर दबिश दे सकती है। इससे पहले एसएसपी ने आरोपियों की सूचना देने पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अब इस राशि को 25-25 हजार रुपये तक बढ़ा दी गई है। कुशीनगर जिले के हरैया बुजुर्ग निवासी 37 वर्षीय कृष्ण मोहन सिंह देवरिया के गौरीबाजार स्थित कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक थे। 21फरवरी की सुबह उन्होंने गोरखपुर के गुलरिहा स्थित आवास में फंदे पर लटककर जान दे दी थी। सुसाइड से पहले उन्होंने चार पेज का सुसाइड नोट लिखा और एक वीडियो बनाया, जिसमें बीएसए, लिपिक संजीव सिंह और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह पर नियुक्ति बहाली के नाम पर 16 लाख रुपये की मांग और लगातार उत्पीड़न करने के आरोप लगाए थे। पत्नी गुड़िया सिंह की तहरीर पर गुलरिहा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें बाद में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा भी जोड़ी गई। आरोपियों की तलाश में पुलिस की चार टीमें देवरिया, बलिया, लखनऊ और प्रयागराज में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## प्रयागराज समाचार

### दरोगा भर्ती के अभ्यर्थी की संदिग्ध दशा में मौत



**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने गंगा में एक युवक का शव मिला। वह अमेठी का रहने वाला था। एक दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने हिस्सा लिया था।


परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने पीपे के पुल के पास रविवार दोपहर अमेठी के पूरेमिश्र का पुरा निवासी आयुष तिवारी (18) का शव पानी में डूबा मिला है। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त शुभम के साथ फाफामऊ गंगा घाट पर नहाने गया था। पैर फिसलने पर वह गहराई में चला गया। गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद आयुष का शव बरामद कर लिया जबकि उसके साथ ही खोजबीन जारी है। आयुक गोविंदपुर में किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने भाग लिया था।

पिता ने बेटे की मौत को संदिग्ध जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और सोमवार को अंतिम संस्कार के लिए अमेठी चले गए। शिवकुटी पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

## लाइफ मंत्र

### किस दिन रखा जाएगा कामदा एकादशी का व्रत, जानें शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी के नाम से जाना जाता है। जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है- कामदा यानी कामनाओं को पूर्ण करने वाली। माना जाता है कि हिंदू नववर्ष की यह पहली एकादशी भक्तों के सभी कष्टों का निवारण कर उन्हें मनोवांछित फल प्रदान करती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस व्रत के प्रभाव से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि व्यक्ति




को जाने-अनजाने में हुई बड़ी से बड़ी गलतियों के दोष से भी मुक्ति मिल जाती है। श्रीहरि विष्णु की विशेष कृपा पाने के लिए यह दिन अत्यंत दुर्लभ संयोग लेकर आ रहा है। तो आइए जानते हैं कामदा एकदाशी के शुभ मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में-

**कामदा एकादशी 2026 व्रत तिथि और शुभ मुहूर्त**


कामदा एकादशी तिथि की शुरुआत 28 मार्च 2026 को सुबह 08:45 बजे से हो जाएगी और इस तिथि का अंत अगले दिन 29 मार्च 2026 को सुबह 07:46 बजे होगा। शास्त्रों के अनुसार, एकादशी का व्रत उदया तिथि में रखना सर्वोत्तम माना जाता है। इस गणना के आधार पर, 29 मार्च 2026 को कामदा एकादशी का व्रत रखना शास्त्र सम्मत और शुभ रहेगा।

जो भक्त 29 मार्च को उपवास रखेंगे, वे अगले दिन यानी 30 मार्च 2026 को सुबह 06:14 से 07:09 के बीच अपना व्रत खोल सकते हैं।

**कामदा एकादशी पूजा विधि**

सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान आदि से निवृत्त हों और पीले रंग के वस्त्र धारण करें। मंदिर के सामने बैठकर हाथ में जल लेकर भगवान विष्णु के सम्मुख व्रत का संकल्प लें। भगवान की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराएं। उन्हें पीले पुष्प, फल, और चंदन अर्पित करें। विष्णु जी की पूजा में तुलसी दल अवश्य शामिल करें, इसके बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। शाम के समय तुलसी के पौधे और मंदिर में घी का दीपक जलाएं। कामदा एकादशी की व्रत कथा का श्रवण करें और अंत में विष्णु सहस्त्रनाम या ओम जय जगदीश हरे की आरती करें।

## Tech World में बड़ी हलचल, Adobe के CEO शांतनु नारायण का इस्तीफा, अब कौन संभालेगा कंपनी की कमान?




अडोबी के सीईओ शांतनु नारायण ने अपने ऐतिहासिक कार्यकाल के बाद पद छोड़ने का फैसला किया है, जिसमें कंपनी का राजस्व 1 अरब से 25 अरब डॉलर तक पहुंचा। नए प्रमुख की तलाश के लिए एक समिति बनाई गई है और नारायण नियुक्ति के बाद बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कंपनी से जुड़े रहेंगे। करीब दो दशकों तक अडोबी का नेतृत्व करने के बाद शांतनु नारायण ने पद से हटने का फैसला किया है। मौजूद जानकारी के अनुसार उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों को भेजे गए एक संदेश में इस निर्णय की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि यह बदलाव तुरंत लागू नहीं होगा। शांतनु नारायण तब तक कंपनी के प्रमुख बने रहेंगे जब तक निदेशक मंडल नए प्रमुख की नियुक्ति नहीं कर देता। उसके बाद वे कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे और नए नेतृत्व को सहयोग देंगे। गौरतलब है कि शांतनु नारायण ने अपने संदेश में कहा कि यह समय उनके लिए आत्ममंथन का है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस दिन उन्होंने यह संदेश लिखा उसी दिन वे कंपनी की आय से जुड़ी अपनी सौवीं बैठक करने वाले थे, जो उनके लंबे कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने नए प्रमुख की तलाश के लिए एक विशेष समिति बनाई है। इस समिति की अगुवाई कंपनी के प्रमुख स्वतंत्र निदेशक फ्रैंक काल्डेरोनी करेंगे और संभावित उम्मीदवारों में कंपनी के भीतर तथा बाहर दोनों जगह के लोगों पर विचार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह प्रक्रिया अगले कुछ महीनों में पूरी होने की संभावना है। बता दें कि शांतनु नारायण का कार्यकाल अडोबी के इतिहास में सबसे बड़े बदलावों के दौर के रूप में देखा जाता है। जब उन्होंने दो हजार सात में कंपनी की कमान संभाली थी तब कंपनी में करीब तीन हजार कर्मचारी थे और वार्षिक आय एक अरब डॉलर से भी कम थी। उन्होंने कंपनी की पारंपरिक सॉफ्टवेयर बिक्री व्यवस्था को बदलते हुए सदस्यता आधारित मॉडल की ओर मोड़ा। इसी रणनीति के तहत कंपनी ने क्रिएटिव क्लाउड जैसी सेवाएं शुरू कीं, जिसने अडोबी को दुनिया की बड़ी सॉफ्टवेयर सेवा कंपनियों में शामिल कर दिया है। आज कंपनी में तीस हजार से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं और वार्षिक आय पच्चीस अरब डॉलर से ज्यादा बताई जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार उनके नेतृत्व में कंपनी के शेयर मूल्य में भी कई गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि उनके कार्यकाल में कुछ चुनौतियां भी सामने आईं। गौरतलब है कि डिजाइन उपकरण बनाने वाली एक कंपनी को खरीदने के लिए अडोबी ने लगभग बीस अरब डॉलर का प्रस्ताव रखा था, लेकिन नियामक संस्थाओं की आपत्तियों के कारण यह सौदा पूरा नहीं हो सका और कंपनी को बड़ा जुर्माना भी चुकाना पड़ा।मौजूद जानकारी के अनुसार हाल के महीनों में कंपनी के शेयरों पर भी दबाव देखा गया है। निवेशकों के बीच यह चिंता बनी हुई है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के तेजी से बढ़ते प्रभाव से सॉफ्टवेयर उद्योग में प्रतिस्पर्धा और बढ़ सकती है। इसके बावजूद कंपनी के हालिया तिमाही नतीजे मजबूत बताए जा रहे हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कंपनी की आय और मुनाफा दोनों ही बाजार के अनुमान से बेहतर रहे हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उत्पादों से होने वाली आय में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि कंपनी की विभिन्न सेवाओं का इस्तेमाल अब हर महीने लगभग पचासी करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय बढ़त मानी जा रही है। अपने संदेश में शांतनु नारायण ने कर्मचारियों से कहा कि रचनात्मकता का नया दौर तेजी से विकसित हो रहा है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसमें बड़ी भूमिका निभाने वाली है। उनका कहना है कि कंपनी इस बदलाव का नेतृत्व करने की स्थिति में है और भविष्य को लेकर वे बेहद आशावान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी की असली ताकत उसके कर्मचारी हैं और वही आने वाले समय में अडोबी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



## iPhone 16 Pro Max पर तगड़ी छूट! अब 1 लाख से भी कम में मिल सकता है फ्लैगशिप फोन

स्मार्टफोन बाजार में प्रीमियम डिवाइस खरीदना हमेशा से महंगा सौदा माना जाता रहा है। लेकिन अब कई ग्राहकों के लिए महंगे फ्लैगशिप फोन खरीदना थोड़ा आसान हो गया है। दरअसल, Apple iPhone 16 Pro Max की कीमत में बड़ी कटौती देखने को मिली है। बैंक ऑफर और एक्सचेंज डील के साथ यह फोन अब कई खरीदारों को 1 लाख रुपये से भी कम कीमत में मिल सकता है। अगर आप लंबे समय से नया प्रीमियम iPhone खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। कीमत में लगभग 35,000 रुपये तक की कमी ने इस फ्लैगशिप मॉडल को पहले से ज्यादा आकर्षक बना दिया है।

**डिस्प्ले की बात करें तो इस फोन में 6.9 इंच का बड़ा Super Retina XDR डिस्प्ले दिया गया है। इसका रेजोल्यूशन 1320ह2868 पिक्सल है, जो बेहद शार्प और क्लियर विजुअल्स प्रदान करता है। इस स्क्रीन पर वीडियो देखना, गेम खेलना और फोटो एडिट करना काफी शानदार अनुभव देता है।**

### Flipkart पर मिल रहा है शानदार ऑफर

यह खास ऑफर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म Flipkart पर उपलब्ध है। भारत में Apple iPhone 16 Pro Max के 256GB वेरिएंट की आधिकारिक कीमत लगभग 1,34,900 रुपये से शुरू होती है। लेकिन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर चल रहे ऑफर के कारण इसकी कीमत में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अगर ग्राहक चुनिंदा बैंक के क्रेडिट कार्ड से भुगतान करते हैं, तो उन्हें लगभग 4,000 रुपये का इंस्टेंट डिस्काउंट मिल सकता है। इस तरह शुरुआती कीमत में ही अच्छी बचत हो जाती है।

### एक्सचेंज ऑफर से मिल सकता है सबसे बड़ा फायदा

इस डील का सबसे बड़ा फायदा एक्सचेंज ऑफर के जरिए मिलता है। ग्राहक अपने पुराने स्मार्टफोन को बदलकर अधिकतम 68,050 रुपये तक का डिस्काउंट पा सकते हैं। हालांकि, एक्सचेंज की असली कीमत कई चीजों पर निर्भर करती है जैसे कि पुराने फोन का मॉडल, उसकी कंडीशन और ग्राहक का लोकेशन। अगर किसी यूजर को एक्सचेंज में अच्छा मूल्य मिल जाता है और साथ में बैंक ऑफर का फायदा भी मिल जाए, तो यह फोन कई खरीदारों के लिए 1 लाख रुपये से कम कीमत में उपलब्ध हो सकता है। आमतौर पर Pro Max सीरीज के iPhone इतनी कम कीमत में मिलना काफी दुर्लभ होता है।

### iPhone 16 Pro Max का शानदार डिस्प्ले

डिस्प्ले की बात करें तो इस फोन में 6.9 इंच का बड़ा Super Retina XDR डिस्प्ले दिया गया है। इसका रेजोल्यूशन 1320×2868 पिक्सल है, जो बेहद शार्प और क्लियर विजुअल्स प्रदान करता है। इस स्क्रीन पर वीडियो देखना, गेम खेलना और फोटो एडिट करना काफी शानदार अनुभव देता है। डिस्प्ले की कलर क्वालिटी और ब्राइटनेस भी काफी प्रभावशाली है, जिससे यूजर्स को प्रीमियम व्यूइंग एक्सपीरियंस मिलता है।

### दमदार परफॉर्मेंस के लिए A18 Pro चिपसेट

बेहतर परफॉर्मेंस के लिए फोन में Apple A18 Pro chip दिया गया है। यह प्रोसेसर तेज स्पीड, स्मूथ मल्टीटास्किंग और शानदार पावर एफिशिएंसी प्रदान करता है। इस चिपसेट की मदद से गेमिंग, वीडियो एडिटिंग और हैवी ऐप्स चलाना काफी आसान हो जाता है। स्टोरेज की बात करें तो यह डिवाइस 256GB, 512GB और 1TB जैसे विकल्पों में उपलब्ध है, जिससे यूजर्स अपनी जरूरत के हिसाब से मॉडल चुन सकते हैं।

### प्रोफेशनल लेवल कैमरा सिस्टम

फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह फोन काफी खास है। इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। इसका प्राइमरी कैमरा 48MP वाइड-एंगल सेंसर के साथ आता है। इसके अलावा 48MP अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 12MP टेलीफोटो लेंस भी दिया गया है। यह कैमरा सिस्टम 120fps पर 4K वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा देता है। साथ ही इसमें डुअल-कलर LED फ्लैश भी दिया गया है, जिससे कम रोशनी में भी अच्छी तस्वीरें ली जा सकती हैं। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 12MP का फ्रंट कैमरा मिलता है, जो Retina Flash के साथ आता है और 60fps पर 4K वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट करता है।

### बैटरी और चार्जिंग

फोन में 4685mAh की बैटरी दी गई है, जो पूरे दिन आराम से चल सकती है। इसके साथ 20W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलता है, जिससे फोन जल्दी चार्ज हो जाता है। इसमें USB Type-C पोर्ट दिया गया है, जिससे डेटा ट्रांसफर और चार्जिंग दोनों ही काफी तेज हो जाते हैं।

### खरीदने का सही मौका

कुल मिलाकर देखा जाए तो 'pple iPhone 16 Pro Max की कीमत में आई यह बड़ी कटौती इसे प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में एक शानदार डील बनाती है। बैंक डिस्काउंट और एक्सचेंज ऑफर मिलाकर यह फोन कई यूजर्स को पहले से कहीं ज्यादा किफायती कीमत में मिल सकता है।

अगर आप पुराने फोन से अपग्रेड करने की सोच रहे हैं और Apple के फ्लैगशिप डिवाइस का अनुभव लेना चाहते हैं, तो यह ऑफर आपके लिए एक बेहतरीन मौका साबित हो सकता है।

## Electricity Bill की टेंशन खत्म! ये Smart Tips अपनाएं, Summer में होगी 30% तक की बचत



गर्मियों में बढ़ते बिजली बिल को नियंत्रित करने के लिए कुछ स्मार्ट तरीके अपनाए जा सकते हैं, जिनमें AC को 24°C पर चलाना, पंखे का साथ में इस्तेमाल करना और फिल्टर की नियमित सफाई शामिल है। इन उपायों से न केवल बिजली की खपत 25-30% तक कम होती है, बल्कि उपकरणों की लाइफ भी बढ़ती है। जब गर्मियों का मौसम आता है तो सबको बिजली का बिल देखकर पसीना आने लगता है। बिजली का भारी-भरकम बिल आने से लोग टेंशन में आ जाते हैं। लगातार चलते एसी और कूलर के कारण मीटर भी अपनी रफ्तार पकड़ लेता है। अगर आप कुछ स्मार्ट आदतों और टेक-टिप्स को अपनाएंगे तो आपका बिल 25-30% तक कम आएगा। आइए जानते है इन आसान तरीकों, जो आपकी जेब पर बोझ कम करेंगे।

### एसी का 'मैजिक नंबर' है 24°C रखे

बार-बार लोग कमरे को जल्दी ठंडा करने के लिए एसी को 18ष्ण पर सेट कर देते हैं। लेकिन इससे कमरा जल्दी ठंडा नहीं होता है, बल्कि कंप्रेसर पर लोड बढ़ जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार, एसी को एसी को 24°C से 26°C के बीच चलाना सबसे बेस्ट है। यह तापमान आरामदायक मनाता है और इससे बिजली की खपत भी काफी कम होगी।

### एसी और पंखा का कॉम्बो

एसी के साथ हल्की स्पीड में पंखा चलाना काफी लाभदायक माना जाता है। पंखा ठंडी हवा को पूरे कमरे में तेजी से फैलाने में मदद करता है। इससे एसी पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ता और कमरा भी कम समय में ठंडा हो जाता है।

### दरवाजे-खिड़की बंद रखें

जब आप एसी चलाते हैं, तो इस बात का खास ख्याल रखें कि कमरे में कहीं से भी गर्म हवा अंदर न आए। यदि आप खिड़की या दरवाजे के नीचे गैप है तो उसे सील कर दें। जिससे ठंडी हवा कमरे में ही रहेगी, फिर एसी को उतना ही कम चलेगा।

### गंदा फिल्टर यानी ज्यादा बिल

एसी के फिल्टर में जमा धूल और गंदगी हवा के प्रवाह को बाधित कर देती है, जिससे कूलिंग प्रभाव कम हो जाता है और मशीन को ज्यादा बिजली की खपत करनी पड़ती है। इसलिए लगभग हर 15 दिन में फिल्टर की सफाई करना जरूरी है। इससे एसी बेहतर तरीके से काम करता है, उसकी उम्र बढ़ती है और बिजली का बिल भी कम आता है।

### स्टैंडबाय मोड को कहें 'बाय-बाय'

अगर आप टीवी या चार्जर का सिर्फ रिमोट से बंद करते हैं, तो ध्यान रखें कि स्टैंडबाय मोड पर भी उपकरण थोड़ी-बहुत बिजली खर्च करते रहते हैं। इस्तेमाल न होने पर स्विच बोर्ड से प्लग बंद करना समझदारी है।

### स्टार रेटिंग पर दें ध्यान

अगर आप नया गैजेट या घरेलू उपकरण जैसे एसी, फ्रिज या कूलर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो 5-स्टार रेटिंग वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। शुरुआत में इनकी कीमत थोड़ी ज्यादा लग सकती है, लेकिन लंबे समय में ये बिजली की खपत कम करके आपके हजारों रुपये बचाने में मदद करते हैं।

### ये तरीके भी खास है

आप अपने पर दोपहर के समय गहरे रंग के पर्दे लगाकर रखें कि ताकि धूप सीधे कमरे में न आए। शाम को जब बाहर का तापमान गिरे, तब खिड़कियां खोल दें। ऐसा करने से गर्मी निकल जाएगी और आपको देर रात तक एसी चलाने की जरुरत नहीं पड़ेगी।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682